पत्रिका

# ऑपरेशन क्लीन: बारादरी पुलिस ने पकड़ी नकली हार्पिक की 1078 बोतलें, गड्ढे में दबाकर किया नष्ट




**बरेली।** शहर में चल रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत बारादरी पुलिस ने नकली हार्पिक की बड़ी खेप पकड़कर उसे नष्ट कर दिया। सोमवार को थाना परिसर में 1078 बोतलों को गड्ढे में डालकर मिट्टी में दबाया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त नकली हार्पिक की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है।

जानकारी के मुताबिक, यह नकली हार्पिक साल 2023 में थाना बारादरी क्षेत्र से बरामद की गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इसे दो बड़े कट्टों, 10 पेटियों और 13 प्लास्टिक बैग में भरकर जब्त किया था। अदालत के आदेश के बाद इसे निस्तारित किया गया। निस्तारण की कार्रवाई सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव की देखरेख में की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय, हेड मोहर्रिर रवि सिंह और हेड कांस्टेबल संदीप राठी भी मौजूद रहे।

थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन के तहत नकली और अवैध सामान के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और भी जब्त माल का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नकली उत्पादों के प्रति सतर्क रहें और ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।

Source: https://www.patrika.com/bareilly-news/operation-clean-baradari-police-seized-1078-fake-harpic-bottles-and-destroyed-them-by-burying-them-in-a-pit-20022069